# कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष
## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन समिति
## जिला -कोरबा (छ.ग.)

क./ 793 /अंग्रेजी माध्य/स्था./2026–27 — कोरबा दिनांक 06 /05 /2026

## -: संविदा भर्ती विज्ञापन :-

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नया रायपुर द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय योजनांतर्गत जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों का संचालन हेतु प्रत्येक विद्यालय के लिए पृथक–पृथक गठित समिति को सौपा गया है। इन अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति किया जाना है।

विद्यालयवार रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता (योग्यता) रखने वाले इच्छुक एवं पात्र आवेदकों से दिनांक 06/05/2026 से 25/05/2026 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन जिले के वेबसाईट www.korba.gov.in में दर्शित Google Form के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। **आवेदन केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जायेगे** अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

### विद्यालयवार रिक्त पदों का विवरण

| क्र | पदनाम | विषय | CAT | पंप हाउस | हरदीबाजार | पाली | करतला | कटघोरा | पोड़ी उपरोड़ा | कोरबी | पसान | बाल्को | तिलकेजा | जमनीपाली | गोपालपुर | कुसमुण्डा | बांकी मोंगरा | दीपका | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 1 | व्याख्याता | जीव विज्ञान | UR | | | | | 1 | | | | | | | | | | | 1 |
| 2 | व्याख्याता | सा0वि0 | UR | | | | | | | | 1 | | | | | | | | 1 |
| 3 | व्याख्याता | रसायन | UR | | | | | | | 1 | | | | | | | | | 1 |
| 4 | व्याख्याता | अंग्रेजी | UR | | | | | | | | 1 | | | | | | | | 1 |
| 5 | व्याख्याता | संस्कृत | UR | | | 1 | | | | 1 | 1 | | | | | | | | 3 |
| 6 | व्याख्याता | हिन्दी | UR | | | 1 | | | | 1 | 1 | | | | 1 | | | | 4 |
| 7 | शिक्षक | अंग्रेजी | UR | | 1 | | | | | 1 | 1 | 1 | 1 | | 1 | 1 | 1 | | 8 |
| 8 | शिक्षक | अंग्रेजी | ST | | | | | | | | | | | | | | | 1 | 1 |
| 9 | शिक्षक | कला | UR | | | | | | | 1 | 1 | 1 | | 1 | 1 | 1 | 0 | | 6 |
| 10 | शिक्षक | कला | ST | | | | 1 | 1 | 1 | | | | | | | | | 1 | 4 |
| 11 | शिक्षक | गणित | ST | | | | | 1 | | | | | | | | | | | 1 |
| 12 | शिक्षक | विज्ञान | UR | | | | | | | | 1 | | | | | | | 1 | 2 |
| 13 | कम्प्यूटर शिक्षक | - | UR | | | | | | 1 | | | | | 1 | | | | | 2 |
| 14 | प्रधानपाठक | मा0शा0 | UR | | | | 1 | | | | | | | | | | | | 1 |
| 15 | प्रधानपाठक | प्रा0शा0 | UR | 1 | | | | | | | | | | | | | | | 1 |
| 16 | व्यायाम शिक्षक | - | UR | | | | | | 1 | 1 | | | | | | | | | 2 |
| 17 | ग्रंथपाल | - | UR | 1 | | | | | | | | | | | | 0 | | 1 | 2 |
| 18 | सहा0शि0 | - | UR | | 1 | 2 | | 1 | | | | | 2 | | 1 | 1 | 1 | | 9 |
| | | - | OBC | | | | 1 | | 1 | | | | | | | 1 | 0 | | 3 |
| | | - | ST | 1 | | | 1 | 2 | 1 | 2 | 2 | 1 | | 2 | 2 | 1 | 2 | 1 | 18 |
| 19 | सहा0शि0 प्रयोगशाला | - | UR | 1 | | 1 | | 1 | | | | | | | 1 | | 0 | | 4 |
| | | - | OBC | | | | 1 | | | | | | | | | | | 1 | 2 |
| | | - | ST | | | | | | 1 | | | | | | | | | | 1 |
| 20 | सहा0ग्रेड 02 | - | UR | | | 1 | | | | | | | | | | | | | 1 |
| TOTAL | | | | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 6 | 8 | 9 | 3 | 3 | 4 | 7 | 5 | 4 | 6 | 79 |

Scanned with OKEN Scanner

पदवार वेतन एवं शैक्षणित योग्यता :-

| क. | पद का नाम | संविदा में एकमुश्त मासिक मानदेय राशि | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता हिन्दी | 38100.00 | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नाकोत्तर उपाधि उतीर्ण एवं बी.एड. अनिवार्य । |
| 2 | व्याख्याता संस्कृत | 38100.00 | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय (संस्कृत/क्लासिक्स/आचार्य) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नाकोत्तर उपाधि उतीर्ण एवं बी.एड. अनिवार्य। |
| 3 | व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | 38100.00 | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नाकोत्तर उपाधि उतीर्ण एवं बी.एड. अनिवार्य।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 4 | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 38100.00 | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय (अर्थशास्त्र/भूगोल/राजनीति/इतिहास) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नाकोत्तर उपाधि उतीर्ण एवं बी.एड. अनिवार्य।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 5 | व्याख्याता जीव विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 38100.00 | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय (वनस्पति शास्त्र/ प्राणी शास्त्र/लाइफ साइन्स/जैविकी/अनुवांशिकी (जेनेटिक्स)/सूक्ष्म जैविकी (माइक्रो बायोलॉजी)/जैव प्रोद्योगिकी/(बायोटेक्नोलॉजी)/आण्विक जीव विज्ञान (मॉलिकुलर बायोलॉजी)/पादप कार्यिकी (प्लान्ट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नाकोत्तर उपाधि उतीर्ण उपाधि उतीर्ण एवं बी.एड. अनिवार्य।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 6 | व्याख्याता रसायन (अंग्रेजी माध्यम) | 38100.00 | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय (रसायन/बायोकेमेस्ट्री) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नाकोत्तर उपाधि उतीर्ण एवं बी.एड. अनिवार्य।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 7 | प्रधानपाठक पूर्व मा.शा. (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में अंग्रेजी माध्यम से स्नातक की उपाधि के साथ बी.एड. उत्तीण होना अनिवार्य है। |
| 8 | शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | 35400.00 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको से साथ स्नातक उत्तीर्ण एवं बी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>2. शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो)।<br>3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>4. T.E.T. पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। |

Scanned with OKEN Scanner

| क्र. | पद का नाम | संविदा में एकमुश्त मासिक मानदेय राशि | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 9 | शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) | 35400.00 | 1.मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको से साथ स्नातक उर्तीर्ण एवं एवं बी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>2. शिक्षक कला (इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, अथवा राजनीति विज्ञान स्नातक स्तर कम से कम एक विषय रहा हो)। उक्त विषय के अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र के अभ्यर्थी पर विचार किया जावेगा।<br>3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>4. T.E.T. पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। |
| 10 | शिक्षक गणित (अंग्रेजी माध्यम) | 35400.00 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको से साथ स्नातक उर्तीर्ण एवं बी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>2. शिक्षक गणित हेतु (गणित के साथ निम्नलिखित में से कोई दो विषय भौतिकी/ रसायन/ इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर सांईस/सांख्यिकी, सैन्य विज्ञान/भू– गर्भ विज्ञान स्नातक स्तर पर हो)<br>3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>4. T.E.T. पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। |
| 11 | शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 35400.00 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको से साथ स्नातक उर्तीर्ण एवं बी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>2. शिक्षक विज्ञान (रसायनशास्त्र,वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू–गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो)।<br>3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>4. T.E.T. पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। |
| 12 | कम्प्यूटर शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | 35400.00 | 1.मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम्प्यूटर साइंस/ आई.टी. /कम्प्यूटर एप्लीकेशन के साथ न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उत्तीर्ण।<br>2. अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी। |
| 13 | प्रधानपाठक प्रा.शा. (अंग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त बोर्ड से द्वितीय श्रेणी में अंग्रेजी माध्यम से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं साथ में डी.एड. उर्त्तीण होना अनिवार्य है। |
| 14 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | 25300.00 | 1. मान्यता प्राप्त मण्डल से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको से साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उर्तीण एवं डी.एड/डी.एल.एड़.परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>3. T.E.T. प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। |
| 15 | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला (अंग्रेजी माध्यम) | 25300.00 | 1. जीव विज्ञान/गणित विषय समूह के साथ मान्यता प्राप्त मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 16 | ग्रंथपाल | 22400.00 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी के साथ स्नातक एवं बी.लिब. की उपाधि आनिवार्य।<br>2. अंग्रेजी माध्यम को प्राथमिकता दी जावेगी। यदि अंग्रेजी माध्यम के पात्र अभ्यर्थी नही मिलने के स्थिति में हिन्दी माध्यम के अभ्यर्थियों अवसर दिया जायेगा। |

Scanned with OKEN Scanner

| क्र. | पद का नाम | संविदा में एकमुश्त मासिक मानदेय राशि | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 17 | व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | 35400.00 | 1. मान्यता प्राप्त मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.पी.एड़ अथवा बी.पी.एड. सहित स्नातक।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 18 | सहायक ग्रेड–02 | 25300.00 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीणा एवं शासकीय/अर्द्धशासकीय मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर अर्हता के साथ एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रामाण पत्र तथा कम्प्यूटर पर हिन्दी डाटा एन्ट्री की 5000 Key एवं अंग्रेजी डाटा एन्ट्री 8000 Key डिप्रेशन प्रति घंटे की गति। |
| 19 | सहायक ग्रेड–03 | 19500.00 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीणा एवं शासकीय/अर्द्धशासकीय मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर अर्हता के साथ एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रामाण पत्र तथा कम्प्यूटर पर हिन्दी डाटा एन्ट्री की 5000 Key एवं अंग्रेजी डाटा एन्ट्री 8000 Key डिप्रेशन प्रति घंटे की गति। |

**चयन प्रकिया के संबंध में दिशा निर्देश एवं शर्ते :–**

1) पदों की संख्या परिवर्तनीय होगी।
2) अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है समक्ष अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
3) अभ्यर्थियों द्वारा कोरबा जिले के वेबसाईट WWW.korba.gov.in में दर्शित गूगल फार्म के माध्यम से शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पद हेतु आवेदन दिनांक 25/05/2026 को राशि 11.59 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। गुगल फार्म के द्वारा किया गया आवेदन की मान्य होगा। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन अमान्य है।
4) प्रत्येक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल की समिति पृथक–पृथक है तथा प्रत्येक के लिए पृथक–पृथक आरक्षण लागु होगा।
5) दस्तावेज सत्यापन हेतु आवेदकों को अर्हतादायी परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर बुलाया जाएगा। आमंत्रित आवेदक को अपने आवेदन एवं प्रमाण सहित उपस्थित होना होगा। आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का परीक्षण किया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता के कुल प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा।
6) विज्ञापित पदों पर चयन हेतु विभिन्न कक्षाओं के प्राप्ताकों के लिए निम्नानुसार अधिकार की गणना की जाएगी।

| क्र. | पदनाम | शैक्षणिक अर्हता में प्राप्तांक का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 10वी. | 12वी. | स्नातक | स्नातकोत्तर | कौशल परीक्षा | कुल |
| 1 | व्याख्याता | - | 20 | 30 | 50 | - | 100 |
| 2 | शिक्षक | 20 | 30 | 50 | - | - | 100 |
| 3 | व्यायाम शिक्षक | 20 | 30 | 50 | - | - | 100 |
| 4 | कम्प्यूटर शिक्षक | 20 | 30 | 50 | - | - | 100 |
| 5 | सहायक शिक्षक | 40 | 60 | - | - | - | 100 |
| 6 | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला | 40 | 60 | - | - | - | 100 |
| 7 | ग्रंथपाल | 20 | 30 | 50 | - | - | 100 |
| 8 | प्रधानपाठक पूर्व मा.शा. | 20 | 30 | 50 | - | - | 100 |
| 9 | प्रधानपाठक प्रा.शा. | 40 | 60 | - | - | - | 100 |
| 10 | सहायक ग्रेड–02 | 30 | 40 | | | 30 | 100 |
| 11 | सहायक ग्रेड–03 | 30 | 40 | | | 30 | 100 |

7) चयन प्रक्रिया का आधार प्रावीण्य सूची होगी। लिखित परीक्षा एंव मौखिक परीक्षा का प्रावधान नहीं है। अभ्यर्थियों के पात्र पाये जाने पर मेरिट के आधार पर चयन प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।
8) संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति नियम) 2012 के प्रावधानों के अनुसार की जावेगी।
9) संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। शासकीय सेवा में समान पदों पर दावा की पात्रता नहीं होगी। शासन समिति के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय सेवा से पदच्युत किया जा सकती है।

Scanned with OKEN Scanner

10) आवेदक को अर्हताधारी शैक्षणिक योग्यता (कक्षा 10वीं से स्नातकोत्तर उपाधि) अंग्रेजी माध्यम में उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। केवल हिन्दी व संस्कृत के व्याख्याता के लिये कक्षा 10वीं एवं समस्त उच्चतर कक्षाओं में अंग्रेजी माध्यम बाध्यकारी नहीं होगा।

11) आयु सीमा :–

(1) 01 जनवरी, 2026 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूरी कर ली हो तथा 35 वर्ष की आयु पूरी न की हो।

(2) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर–क्रीमीलेयर) का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(3) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये, उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(4) निःशक्त व्यक्तियों को सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

(5) छत्तीसगढ़ राज्य में निवास करने वाले समस्त निवासियों को 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट देते हुए अधिकतम आयु 40 वर्ष हो।

**12) सेजेस में कार्यरत संविदा शिक्षकीय कर्मचारी समान पद हेतु आवेदन नहीं कर सकेंगे। केवल उच्च पद हेतु आवेदन कर पायेंगें। इस हेतु शपथ पत्र सत्यापन के समय प्रस्तुत करेगें कि समान पद पर आवेदन नहीं किये हैं।**

13) छ.ग. शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम 2024 के तहत अधिसूचित अवकाश नियम नियुक्त संविदा कर्मचारी के लिए लागू होगा।

14) संविदा भर्ती कर्मचारी छ.ग. शासन सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के अधीन होंगे।

15) संविदा कर्मचारी को संविदा अवधि में पेंशन मृत्यु लाभ या अन्य कोई भी लाभ जो छ.ग. शासन के नियमित कर्मचारी को प्राप्त है, की पात्रता नहीं होगी।

16) विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

17) नियुक्ति हेतु चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

18) अपूर्ण एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगें अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

19) एक से अधिक आवेदन भरे जाने पर प्रथम आवेदन को ही मान्य किया जायेगा। शेष आवेदन स्वमेव निरस्त माना जायेगा।

20) शासन के द्वारा उक्त पदों पर नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।

21) राज्य शासन द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय हेतु समय–समय पर जारी निर्देशों के अधीन पंजीकृत सोसायटी विद्यालय के संचालन व शर्तों से संबंधित नियम/निर्देश जारी करेगी, जो सर्वमान्य व सभी के लिए बाध्यकारी होगा।

22) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के समय संलग्न करना आवश्यक है। प्रमाण पत्र के अभाव में आरक्षण का लाभ दिया जाना संभव नहीं होगा।

23) किसी भी अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पर होने पर वह नियमितिकरण के लिए किसी भी प्रकार का दावा नहीं करेगा।

24) उक्त विज्ञापित शैक्षणिक पदों में दर्शित न्यूनतम् योग्यता आवेदन दिनांक तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा और शिक्षक के लिये सी.जी/ सी टीईटी (पूर्व माध्यमिक स्तर) एवं सहा शिक्षक के पद हेतु सी.जी./सी टीईटी (प्राथमिक स्तर) उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

**नियुक्ति अवधि –**

1. छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के नियम 4 के अंतर्गत उल्लेखित संविदा नियुक्ति और स्वामी आत्मानंद शिक्षण समिति के निर्णय अनुसार सभी पदों पर सविदा नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए की जावेगी। तथापि प्राचार्य एवं समिति की अनुशंसा के आधार पर कर्मचारी की कार्यक्षमता का आंकलन करने के पश्चात् संविदा नियुक्ति की कालावधि (गोपनीय प्रतिवेदन के आधार पर) नवीनीकरण/बढ़ायी जा सकेंगी।
2. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा 03 माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में 03 माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। संविदा अवधि पूर्ण होने पर समिति द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकेगी।
3. अंतिम चयन सूची जारी होने के उपरांत बनाई गई प्रतीक्षा सूची 01 साल के लिए वैध होगी।

Scanned with OKEN Scanner

निरर्हताएँ –

1. अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्ही भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयात्त को नियुक्तिकर्ता द्वारा चयन के लिए निरर्हित माना जा सकेगा।
2. कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्ति नहीं किया जायेगा, जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में जो कि विहीत की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप में स्वास्थ्य तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो कि सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो, से मुक्त, घोषित न कर दिया जाये। परन्तु अपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा से पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन नियुक्ति दी जा सकेगी, कि यदि यह चिकित्सकीय रूप से अस्वस्थ पाया जाता है. तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।
3. कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध या अन्य अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जायेगा, जब तक उस अपराधिक प्रकरण का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।

**अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में नियुक्तिकर्ता का निर्णय संबंधी :–**

1. चयन के लिए अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा। चयन प्रक्रिया के किसी भी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि नियुक्तिकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है. अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्तिकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।
2. सत्यापन में अभ्यर्थी के अनुपस्थित रहने पर अयोग्य माना जायेगा।
3. कोरबा जिले में संचालित सेजेस में रिक्त पदों पर अभ्यर्थी योग्य नही पाये जाने की स्थिति में, प्रतिक्षा सूची के अभ्यर्थी की सहमति लेकर, अन्य सेजेस स्कूलों में नियुक्ति की जा सकेगी।

**अन्य निर्देश :–**

1. नियुक्त उम्मीदवार को उनके पद के अनुसार शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार वेतन देय होगा।
2. संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ण भत्ता, गृह भाड़ा इत्यादि नहीं दिया जाएगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
3. नियुक्ति पश्चात् अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत 10 दिवस के भीतर शासकीय मेडिकल बोर्ड से फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. विज्ञापन एवं अद्यतन जानकारी कोरबा जिले के वेबसाईट www.korba.gov.in पर अवलोकन करते रहे।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश स्कूल
संचालन प्रबंधन समिति
जिला – कोरबा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष
## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन समिति
## जिला -कोरबा (छ.ग.)

पृ. क./794 /अंग्रेजी माध्य/स्था./2026–27

प्रतिलिपि :– कोरबा दिनांक 06/05/2026

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
4. कलेक्टर एवं अध्यक्ष, संचालन प्रबंधन समिति, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल जिला कोरबा को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा को सादर सूचनार्थ।
6. आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
7. संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
8. उपसंचालक जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला कोरबा को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
9. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. कोरबा को सूचनार्थ एवं उक्त विज्ञापन विस्तृत विवरण सहित जिले के वेबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करे।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश स्कूल
संचालन प्रबंधन समिति
जिला – कोरबा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner